52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 52/ अंक : 249 | रविवार, 08 सितम्बर 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, पंचमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

न्यूनतम 22.5°c
अधिकतम 31.8 °c

**अमृतवाणी**

छोटी-छोटी खुशियों को जिएं, यही जिंदगी का असली सुख है।

सूर्योदय : 6:00 सूर्यास्त : 6:32

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

विनेश फोगाट मेरी तरह किसी दिन राहुल गांधी ही को न फंसा दे : बृजभूषण शरण सिंह



इस पल की फिक्र कीजिये... कल की न सोचिये......



52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 52/ अंक : 249 | रविवार, 08 सितम्बर 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, पंचमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-02

## राज्यसभा में बहुमत मिलने के बाद वक्फ बोर्ड विधेयक पास कराना आसान

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने हाल ही में वक्फ संशोधन विधेयक को लोकसभा में पेश किया। इसके बाद वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 के लिए जेपीसी का गठन किया गया। इसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई दलों के 21 सांसदों को शामिल किया गया है। विधेयक को लेकर लगातार हंगामा हो रहा है। हालांकि, एनडीए के पास लोकसभा में बहुमत है, लिहाजा उसे इस विधेयक को यहां पास कराने में कोई दिक्कत नहीं होगी। वहीं, राज्यसभा की बात करें तो उसके पास छह नामित सदस्यों के समर्थन के साथ मामूली बहुमत है, जिससे कहीं न कहीं उच्च सदन का भी रास्ता साफ है। हाल ही में हुए उपचुनावों के बाद वर्तमान में राज्यसभा में 234 सांसद हैं। इसमें भाजपा के 96 सदस्य और इसके सहयोगी दलों के साथ यह संख्या 113 है। छह मनोनीत सदस्यों को मिलाकर एनडीए के सांसदों की संख्या 119 हो जाती है, जो 117 के बहुमत के आंकड़े से दो अधिक है।




# हिंदू बस्ती में मकान खरीदकर नमाज पढ़े जाने पर हंगामा

- भरतिया कॉलोनी के मकान में आवामे हिंद पार्टी के पोस्टर भी लगे मिले
- कंटिया डालकर बिजली प्रयोग करने की बिजली विभाग से की शिकायत
- सैंकड़ों लोगों के हंगामे के बाद पुलिस ने दिया समाधान का आश्वासन

**मुजफ्फरनगर, 7 सितंबर (बु.)।** नई मंडी इलाके के भरतिया कॉलोनी के हिंदू बहुल इलाके में एक मकान के मुस्लिम के नाम बैनामे के बाद इसमें 35 मुस्लिम लोगों के रहने और वहां बाहर से कुछ लोगों को बुलाकर नमाज पढ़ने के मामले को लेकर आज हंगामा खड़ा हो गया। इलाके के सैंकड़ों लोग वहां एकत्र हो गए तो वहां कंटिया डालकर बिजली चलती पाई गई और इसके एक हिस्से में अवामे हिंद पार्टी के पोस्टर आदि लगे मिलने पर लोगों का गुस्सा भड़क उठा। मामले की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले का समाधान कराने का आश्वासन देते हुए लोगों को शांत किया।

बताया जाता है कि भरतिया कॉलोनी की वाल्मीकि बस्ती में पूर्व विधायक के आवास के पास अशोक नाम के एक व्यक्ति का मकान नदीम नाम के व्यक्ति ने खरीदा है। यहां देवबंद से आकर करीब पैंतीस लोग रह रहे हैं। जुमे को इन लोगों ने यहां नमाज भी पढ़ी। उनकी गतिविधियों को देखते हुए लोगों में रोष पनता जो आज गुस्से में फूट पड़ा। सैंकड़ों की तादाद में लोग वहां पहुंचे तो देखा कि वहां कंटिया डालकर बिजली चलाई जा रही है। उन्हें देखकर मकान से बीस-पच्चीस लोग निकले, इनमें महिलाएं भी शामिल थीं। पूछने पर पहले तो उन्होंने इस मकान का मालिक नदीम को बताया। फिर कहने लगे की नदीम को दस पैसे की पत्ती में है मालिक तो कोई कश्यप है। हालांकि वे इसका नाम नहीं बताया पाए। वहां व्यापारी नेता संजय मित्तल, विहिप नेता ललित माहेश्वरी, भाजपा नेता धर्मवीर बालियान, क्षेत्रीय सभासद पति विकल्प जैन, जयवीर सिंह आदि भी पहुंच गए। मकान में रह रहे लोगों के साथ उनकी जमकर बहस हुई। बिजली की कटिया डाले जाने को लेकर परिवार के लोगों ने कहा कि उन्होंने बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन कर रखा है। बिजली वालों ने ही कंटिया

शेष - पृष्ठ-4 पर





# यशवीर की जिद पर संगम को लिखना पड़ा असली नाम सलीम

**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** तीन दिन पूर्व मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा सलीम बना फिर संगम समाचार प्रकाशित किया गया था। उक्त समाचार में लोगों को यह मैसेज छोड़ा गया था कि वे अब खुद देखभाल कर किसी भी होटल पर अपनी जिम्मेदारी पर भोजन ग्रहण करें, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद फिर एक बार सलीम संगम हो गये हैं।

ऐसे में यशवीर महाराज ने अगले ही दिन ऐलान कर दिया था कि वे आश्रम के नाम से भोजनालय चलाने वाले दूसरे समुदाय के व्यक्ति व संगम के नाम से सलीम ठाकुर द्वारा भोजनालय चलाने वाले दोनों ढाबों पर जायेंगे और अपने हाथों से उक्त नाम हटवाकर आयेंगे। यशवीर महाराज का कहना था कि सनातन धर्म में ही आश्रम शब्द का उपयोग होता है, ऐसे में वे सनातन धर्म का अपमान शुद्ध भोजनालय के नाम पर बर्दाश्त नहीं करने वाले, जैसे ही पुलिस प्रशासन के पास उक्त मामले की सूचना पहुंची तो आज शनिवार सुबह ही एसडीएम सदर निकिता शर्मा व अन्य अधिकारी यशवीर महाराज के आश्रम पर पहुंचे और उन्हें यह बताया कि उन्होंने दोनों ढाबों पर से नाम बदलवा दिये हैं। बाकायदा पेंट पुताई कर दोबारा संगम को सलीम शुद्ध भोजनालय लिखवाया गया, उसके बाद यशवीर महाराज संतुष्ट हुए और उक्त भोजनालयों पर नहीं गये। यशवीर महाराज ने अपनी वीडियो जारी करते हुए बताया कि उन्होंने कांवड़ यात्रा के दौरान जो मुहिम चलाई थी, उस पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी। वे सुप्रीम कोर्ट का अपनी जगह सम्मान करते हैं मगर किसी भी सूरत में सनातन धर्म का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। होटल हो या ढाबे या चाय की दुकान या फल बेचने वाले ऐसी सैंकड़ों वीडियो वायरल हो चुकी हैं, जिनमें दूसरे धर्म के लोग मूत्र, थूक और यहां तक कि ऐसे केमिकल मिलाकर भोजन परोसते हैं, जिससे हिन्दू समाज के लोग नपुंसक तक हो रहे हैं, ऐसे में किसी भी व्यक्ति को जो सनातन धर्म का नहीं है, आश्रम गेस्ट हाउस एण्ड रेस्टोरेंट नाम नहीं रखने देंगे और न ही अपने धर्म का अपमान बर्दाश्त करेंगे। कुल मिलाकर यशवीर महाराज के रिएक्शन से पुलिस एक्शन में आई तो उक्त मामला हाथों हाथ निपटता दिखाई दिया।



### यशवीर महाराज ने भी किया आह्वान, मुस्लिम बुद्धिजीवी ही समायें अपने भाइयों को

**मुजफ्फरनगर।** यशवीर महाराज ने कहा कि बहुत अच्छी बात है कि संगम रेस्टोरेंट वाले को स्वंय ही रातों-रात भगवान की कृपा से सद्बुद्धि आ गई और हमारे पहुंचने से पहले ही उसने संगम को सलीम कर लिया। उन्होंने प्रार्थना की कि ईश्वर ऐसी सद्बुद्धि सभी मुस्लिम भाइयों को दे रखे, जो सनातन धर्म के नाम पर अपने होटल चलाने के नाम पर लगे हैं। उन्होंने यह भी आह्वान किया कि मैं मुस्लिम बुद्धिजीवियों से अपील करूंगा कि वे अपने मुस्लिम भाइयों को समायें कि वे अपने परिवार, अपने पैगम्बर या अन्य अपने ही धर्म से जुड़े नाम से ही अपने होटल, ढाबा, चाय की दुकान और फल की दुकान चलायें। जिससे अन्जाने में सनातन धर्म के लोगों का धर्म भ्रष्ट न हो और जनपद में शांति का माहौल बना रहे। उन्होंने कहा कि वे अपने जनपद में भाईचारा चाहते हैं, यदि कोई मुस्लिम भाई उसके बावजूद भी सनातन धर्म के नाम पर अपनी दुकान चलाता है, तो हिन्दू समाज इस बात को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि क्या कभी देखा है कि कोई हिन्दू मुसलमान के किसी पैगम्बर अथवा उनके धर्म के किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर होटल ढाबा या अन्य कोई चीज चलाता हो, यदि ऐसा है तो वे उन्हें जरूर आकर बतायें। वे उन्हें भी ठीक करने का काम करेंगे।

# गणपति बप्पा मोरया के घोष के साथ हुई मूर्ति स्थापना

- श्री गणपति खाटू श्याम धाम में विशेष पूजा अर्चना के साथ निकाली भव्य शोभायात्रा
- एक सप्ताह तक चलेगी गणपति पूजा, 15 सितम्बर को होगा विधि पूर्वक विसर्जन

**मुजफ्फरनगर, 7 सितंबर (बु.)।** भगवान गणपति के जन्मोत्सव पर नगर में भव्य आयोजनों का सिलसिला प्रारंभ हो गया। पहले दिन आज गणपति विराजित किए गए और इसके बाद पूजा अर्चना का दौर शुरू हो गया। मुख्य आयोजन गणपति खाटू श्याम धाम में हुआ। यहां भव्य रथयात्रा में भगवान गणपति और खाटू श्याम नगर भ्रमण पर निकले और इसके बाद मंत्रोच्चार के साथ गणपति स्थापना और इसके बाद पूजा अर्चना का कार्य प्रारंभ हुआ। देश भर के साथ आज नगर में भी गणपति जन्मोत्सव के आयोजन प्रारंभ हो गए। तमाम मंदिरों के साथ घरों में भी गणपति स्थापित हुए। इसके बाद एक सप्ताह तक चलने वाले महोत्सव की शुरूआत हो गई। श्रीगणपति खाटू श्याम धाम में आज सुबह विशेष पूजा अर्चना और आरती के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सुबह गणेश पूजा में प्रमुख उद्यमी भीम कंसल, मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ व पूजा दुआ, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, उद्यमी सतीश गोयल, अमित गर्ग, राजीव जैन, व्यापारी नेता संजय मित्तल, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, एसडीएम सदर निकिता शर्मा, अनिल गोयल बाबरी वाले, वरिष्ठ भाजपा एवं व्यापारी नेता सुरेंद्र अग्रवाल, नरेंद्र गोयल, एजीएम पीएनबी, श्याम सिंह सैनी, सुरेंद्र बंसल, विष्णु मूंधड़ा, रघुराज गर्ग, किशन मूंदड़ा, देवांश अग्रवाल, मधु गर्ग, वेणु अग्रवाल, देव प्रिया, पुलकित गर्ग आदि मौजूद रहे। मंत्रोच्चार के बीच गणपति की

शेष - पृष्ठ-4 पर





## लखनऊ में तीन मंजिला बिल्डिंग ढहने से चार की मौत, 27 लोगों को निकाला

**लखनऊ, 7 सितंबर (एजेंसी)।** लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर में शाम करीब पांच बजे तीन मंजिला बिल्डिंग गिर गई। इस बिल्डिंग का नाम हरमिलाप है। बिल्डिंग गिरते ही आनन-फानन में राहत और बचाव कार्य शुरू हुआ। करीब 30 लोगों को रेस्क्यू किया गया। इसमें से 27 जख्मी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाए गए। अभी तक आ रही खबर के अनसुार चार लोगों की मौत हो गई है। अभी भी पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सीएम योगी ने हादसे पर दुख प्रकट किया है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को घटना स्थल और लोकबंधु अस्तपाल पहुंचने के निर्देश दिए हैं। लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार मौके पर मौजूद हैं। इमारत का नाम हरमिलाप बिल्डिंग है जो की तीन मंजिला बताया जा रहा है। बिल्डिंग में दवाओं का कारोबार होता था। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस प्रशासन व राजस्व विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर उपस्थित है। लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार मौके पर पहुंच गए हैं।

## भारतीय प्रशासनिक सेवा से बर्खास्त की गई पूजा खेडकर

**नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने विवादों में रही पूर्व प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर को भारतीय प्रशासनिक सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। पूजा खेडकर पर धोखाधड़ी करने और सेवा में अपना चयन सुनिश्चित करने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग और विकलांगता कोटा लाभ का गलत तरीके से लाभ उठाने का आरोप है। मामले में आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार ने पूर्व परिवीक्षाधीन सिविल अधिकारी पूजा खेडकर को तत्काल प्रभाव से भारतीय प्रशासनिक सेवा से बर्खास्त कर दिया है। केंद्र सरकार ने 6 सितंबर, 2024 के आदेश के तहत आईएएस (परिवीक्षा) नियम, 1954 के नियम 12 के तहत खेडकर को तत्काल प्रभाव से भारतीय प्रशासनिक सेवा से बर्खास्त कर दिया। नियमों के अनुसार केंद्र सरकार परिवीक्षाधीनों को सेवा से बर्खास्त कर सकती है, यदि वे पुनः परीक्षा उत्तीर्ण करने में विफल रहते हैं या यदि केंद्र सरकार को लगता है कि परिवीक्षाधीन सेवा में भर्ती के लिए अयोग्य था या सेवा का सदस्य होने के लिए अनुपयुक्त है। संघ लोक सेवा आयोग ने 31 जुलाई को उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी थी और उन्हें भविष्य की परीक्षाओं से वंचित कर दिया था।



## दो दिवसीय दौरे पर भारत आएंगे यूएई के क्राउन प्रिंस

**नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसी)।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन जायद अल नाहयान जल्द दो दिवसीय भारत दौरे पर आएंगे। प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्री पर उनका यह आधिकारिक दौरा 9-10 सितंबर को होगा। क्राउन प्रिंस के रूप में अल नाहयान का यह पहला भारत दौरा होगा। इस यात्रा के दौरान अल नाहयान के साथ यूएई सरकार के कई मंत्री और एक व्यापार मंडल भी होगा। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, क्राउन प्रिंस नौ सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा, वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलेंगे और राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे।



## भेड़ियों का झुंड नजर आने से बढ़ी बहराइच में दहशत

**बहराइच।** जिले के बौंडी थाना इलाके के खैरा बाजार स्थित नहर पुल के पास शुक्रवार की शाम भेड़ियों का झुंड देखा गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दिखा रहा कि नहर के पास गांव को जाने वाली सड़क पर सात से आठ भेड़ियों का झुंड गन्ने के खेत से निकल कर पहुंच जाता है। यह सड़क के किनारे काफी देर तक डटे रहे। भेड़ियों से थोड़ी दूरी पर एक बाइक सवार बाइक खड़ी कर बैठा दिखाई दे रहा है। जबकि कुछ ग्रामीण अपनी भैंसों को चराते नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। अमर उजाला ऐसे किसी भी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इसके अलावा शाम को ही देहात इलाके में शहर से सटे ग्राम पंचायत सिसई हैदर में भी तीन भेड़िये देखे जाने से हड़कम्प मचा है।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष के मोबाइल का चोर निकला प्रवीण पाल

**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** पांच सितम्बर को भाजपा की वर्तमान सभासद कुसुमलता पाल के पति और भाजपा के जिला उपाध्यक्ष बिजेन्द्र पाल का मोबाइल फोन कच्ची सड़क पुलिस चौकी के सामने स्थित पवन टैंट हाउस से चोरी हो गया था।

बिजेन्द्र पाल व उनकी पत्नी द्वारा सिविल लाइन थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज करा दी गई थी। चूंकि उक्त मामले में सीसीटीवी फुटेज बरामद कर ली गई थी, इसलिए चोर को पकड़ना आसान था। पुलिस ने उक्त मामले में जांच करते हुए सीसीटीवी कैमरों के आधार पर प्रवीण पाल के रूप में मोबाइल चोर की पुष्टि हुई और प्रवीण पाल को गिरफ्तार कर लिया गया। आपको बता दें कि प्रवीण पाल लम्बे समय तक खुद भाजपा में ही रहा, मगर कुछ समय पूर्व जब प्रवीण पाल एक मामले में जेल गया तो उसको भाजपा में कोई स्थान नहीं दिया गया। ऐसे में प्रवीण पाल मौजूदा हालात में भाजपा कार्यकर्ता नहीं है। पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच के बाद प्रवीण पाल को गिरफ्तार करने के बाद उसी की ही निशांदेही पर उसके घर से भाजपा जिला उपाध्यक्ष बिजेन्द्र पाल का चोरी हुआ मोबाइल बरामद करा लिया गया और हाथों हाथ प्रवीण पाल की गिरफ्तारी कर ली गई। प्रवीण पाल द्वारा मोबाइल चोरी की घटना से भाजपा कार्यकर्ताओं में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। क्योंकि प्रवीण पाल लम्बे समय तक भाजपा में ही कार्यरत रहा मगर उसकी संदिग्ध गतिविधियों का पता बड़ी देर से चल पाया, इस बात की चर्चाएं आम होती दिखाई दी।

## आईजीएल कंपनी के नाम पर 1.30 लाख की ठगी

**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** जैसा की लगातार ऑनलाइन मैसेजों के आधार पर फर्जीवाडा चल रहा है, कभी बैंक की कॉल के आधार पर तो कभी पुलिस बनकर तो कभी आईजीएल कंपनी के बिल अपडेट करने के नाम पर लगातार ठगी के मामले सामने आ रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला जानसठ के मौहल्ला संगम विहार से सामने आया है। जिसमें सतीश चंद मांगलिक का बताना है कि उन्होंने आईजीएल कंपनी का कनेक्शन ले रखा है और उनके व्हाटसएप पर आईजीएल कंपनी का बिल अपडेट करने की बात का एक मैसेज आया था तथा भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन काटने की भी चेतावनी दी गई थी। इतना ही नहीं उक्त मैसेज में कस्टमर केयर नम्बर भी दिया गया था। मैसेज आने के बाद आरोप है कि उनका मोबाइल हैक हो गया और उनके खाते से 1.30 लाख रुपये कुल पांच बार में ट्रांसफर हो गये और आनन-फानन में जब वो अपना खाता बंद कराने के लिए अपने बैंक के कस्टमर केयर पर कॉल करते हैं तो वहां भी खाता बंद नहीं हो पाया। इसी का फायदा उठाकर साइबर ठगों ने उनके साथ एक लाख तीस हजार रुपये की हेराफेरी कर ली। उक्त मामले की जानकारी उन्होंने बैंक के मैनेजर को दी है, लेकिन आरोप है कि कई बार कॉल करने के बाद भी उनका खाता बंद नहीं हुआ। उक्त मामले में पुलिस ने शिकायत मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## रिलायंस रिटेल को 12 रुपये का कैरी बैग चार्ज करने पर केस, ग्राहक को मिलेंगे 31 हजार

**गुरुग्राम, 7 सितंबर (एजेंसी)।** उपभोक्ता आयोग ने रिलायंस रिटेल लिमिटेड को उपभोक्ता से 12 रुपये का कैरी बैग चार्ज करने के मामले में दोषी ठहराया है। आयोग ने कहा कि कानून के तहत, कोई भी स्टोर अपने उत्पादों की डिलीवरी के लिए ग्राहकों से अलग से पैकेजिंग शुल्क नहीं ले सकता है। इस फैसले के तहत रिलायंस रिटेल को कैरी बैग के 12 रुपये नौ फीसदी ब्याज दर समेत व मानसिक तनाव के 20 हजार और कानूनी खर्च के 11 हजार रुपये मुआवजे के तौर पर उपभोक्ता को दिए जाएंगे।

## गायब कारतूस मामले में होगी 60 हजार की वसूली

**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली से मालखाने से एक हजार कारतूस गायब होने की घटना में लगातार जांच और कार्यवाही हो रही है। शनिवार को जानकारी मिली कि उक्त मामले में जिन पांच पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज कराया गया था, उनसे साठ हजार रुपये की वसूली की जायेगी। उक्त मामले में सभी पुलिसकर्मियों को नोटिस भेज दिये गये हैं तथा नामजद पांचों पुलिसकर्मियों के बयान भी दर्ज कर लिये गये हैं। बड़ी बात यह हैकि उक्त मामले में लगातार वार्षिक व अद्धवार्षिक निरीक्षण होते रहे हैं, मगर 39 वर्षों से किसी ने गायब कारतूसों के मामले में कार्यवाही करना तो दूर जानकारी तक नहीं ली। उक्त मामले में एसएसपी अभिषेक सिंह द्वारा ही संज्ञान लिया गया और पूरे मामले की जांच लगातार की जा रही है। हालांकि अब यह माना जा रहा है कि मामले की लीपापोती करते हुए सिर्फ जुर्माना करके ही पूर्व में उक्त कोतवाली में रहे पुलिसकर्मियों को बचाने की कवायद शुरू हो गई है। मामूली सा जुर्माना करके संभवतः इस कार्य की इतिश्री कर दी जायेगी।

## मुर्गी फार्म में आग लगने से हड़कंप, हजारों का सामान जलकर राख

**चरथावल, 07 सितम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के निर्धना मार्ग पर मुर्गी फार्म में रात्रि भयंकर आग लग गई। मुर्गी फार्म में आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों एवं पुलिस ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक हजारों का सामान जल चुका था। दरअसल मुजफ्फरनगर जनपद के चरथावल थाना क्षेत्र के निर्धना मार्ग पर एक मुर्गी फार्म में रात्रि भयंकर आग लग गई। जैसे ही मुर्गी फार्म में आग लगने की मोहम्मद शाहिद को सूचना लगी, तो उनके द्वारा ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन जब तक आप पर काबू पाया गया, तब तक हजारों रुपये का सामान जल चुका था, जिसमें मोहम्मद शाहिद ने बताया कि उनके लाखों रुपए का नुकसान हुआ है, वहीं मोहम्मद शाहिद ने कहा कि उनके मुर्गी फार्म में किसी के द्वारा आग लगाई गई है जोकि इस तरह के कार्य कई बार हो चुके हैं, जिस पर उसने मांग की है कि जल्द ही आग लगाने वालों का पता लगाया जाए और कड़ी कार्रवाई की जाए।



## डायरेक्टर बनाने का झांसा देकर रिटायर्ड प्रधानाचार्य से 39 लाख रुपये की ठगी

**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** मण्डी कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला पटेलनगर के रहने वाले संजय मित्तल पूर्व में डीएवी कॉलेज में प्रधानाचार्य रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ दिन पूर्व व्हाटसएप के जरिये सीआरएस-24 कंपनी के नाम से उनके पास एक मैसेज आया था और कंपनी के अधिकारियों ने उनसे बातचीत करते हुए उन्हें कंपनी में डायरेक्टर बनाने की बात रखी और उन्हें बड़े मुनाफे का भी प्रलोभन दिया गया और प्रधानाचार्य इस प्रलोभन के झांसे में आ गए।

रिटायर्ड प्रधानाचार्य का कहना है कि तीन अगस्त से 13 अगस्त के बीच अलग अलग तिथियों में उनके द्वारा 39 लाख 77 हजार रुपये की ट्रांजक्शन भी कर दी गई। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी के अधिकारियों ने उन्हें यह भी बताया कि उन्हें 51 लाख रुपये का बोनस मिल चुका है तथा उस बोनस को लेने के लिए उन्हें 15 लाख रुपये और जमा करने होंगे। इस पर रिटायर्ड प्रधानाचार्य संजय मित्तल को शक हुआ तो उन्होंने कंपनी के अधिकारियों को अपने पैसे ज्यों के त्यौं लौटाने की बात कही, मगर उक्त अधिकारियों ने उन्हें पैसे वापस देने से साफ इंकार कर दिया। उक्त मामले में पूर्व प्रधानाचार्य ने साइबर थाने में अपनी रिपोर्ट दर्ज कराई और खातों की पूरी डिटेल सेल के सामने रखी। साइबर सेल की टीम उक्त पूरी मामले की छानबीन में जुट गई है।




## जिला अस्पताल में रोज हंगामे को लेकर खड़े हुए सवाल

### ना भ्रष्टाचार पर अंकुश ना हंगामेबाजों पर इलाज

**मुजफ्फरनगर, 7 सितंबर (बु.)।** जिला चिकित्सालय रोज हंगामे का अड्डा बनता जा रहा है। पुलिस चौकी स्थापित होने के बावजूद वहां किसी प्रकार का कोई नियंत्रण नहीं है। कर्मचारियों पर किसी ना किसी नाम पर अवैध वसूली करने के आरोप तो सामान्य बात हैं। ऐसे में आज तक एक भी ऐसे मामले में कोई ठोस कार्रवाई ना होना भी व्यवस्था पर उंगली उठाता है।

जिला चिकित्सालय में विगत एक पखवाड़े में हंगामे की कई घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें दो मामलों में तो अवैध वसूली के आरोपों के बाद आरोपियों को पकड़कर पुलिस को सौंपा गया, लेकिन बाद में अस्पताल कर्मी ही उन्हें छुड़ा ले गए। पहला मामला छात्रों से हेल्थ फिटनेस सर्टीफिकेट बनाने के नाम पर वसूली का था। छात्रों ने हंगामा करते हुए दो लोगों को पकड़ कर पुलिस को सौंपा था। इस मामले में अधिकारियों ने कार्रवाई की बात भी कही थी, लेकिन शाम को अस्पताल कर्मी ही कोतवाली पहुंच कर दोनों युवकों को छुड़ाकर ले गए और मामले पर पर्दा पड़ गया। दूसरा मामला अल्ट्रा साउंड बनाने के नाम पर अवैध वसूली के आरोपों को लेकर हंगामे का है। यह मामला पुलिस तक पहुंचा और इसके बाद यह भी ठंडे बस्ते में चला गया। आज भी पहले तो तथाकथित भारतीय किसान यूनियन क्रांति ने पहले तो अवैध वसूली का ही आरोप लगाया था, लेकिन बाद में पता चला कि कायाकल्प टीम के निरीक्षण के कारण बिल्कीस नामक मरीज के तीमारदारों को वार्ड में भीड़ ना करने की बात कहने पर एक नर्स को थप्पड़ मारा गया था। इसके बार कर्मचारियों के हंगामे व काम ठप्प किए जाने के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपी को पकड़ लिया। अब सवाल यह है कि संगठनों के नाम बिना मतलब हंगामा और कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ पुलिस क्यों भौंथरी हो जाती है और दूसरा यह कि जिला अस्पताल में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए क्या अधिकारियों के पास कोई तौर तरीका है, या वे इसके सामने बेबस हैं। इसका निदान तो खोजना ही होगा।



## अस्पताल में भाकियू क्रांति ने किया दुर्व्यवहार, दी गई तहरीर

**आरोपी की गिरफ्तारी के बाद काम पर लौटे स्वास्थ्यकर्मी**

**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** जिला पुरुष चिकित्सालय में पहुंची बिजनौर की कायाकल्प अवार्ड की टीम की व्यवस्थाओं में जुटी जिला अस्पताल के स्टाफ के साथ मरीज के तीमारदारों की ओर से किए गए दुर्व्यवहार एवं मारपीट के मामले में शनिवार को उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया, जब कर्मचारियों ने दोषियों पर मारपीट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराने की मांग करते हुए धरना दे दिया। हंगामे और विरोध के बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देते हुए अस्पताल के कर्मियों को शांत किया। बाद में अस्पताल कर्मियों की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी।

शनिवार को अस्पताल में उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया, जब कायाकल्प अवार्ड के लिए टीम के अस्पताल का निरीक्षण करने के चलते वार्ड नर्स द्वारा देवबंद के गांव दीदाहेड़ी की एक मरीज बिलकिश के साथ आए लोगों को रोकना विरोध का कारण बन गया। तीमारदारों की ओर से स्टाफ के साथ मारपीट किए जाने को लेकर अस्पताल में मौजूद रहे स्टाफ ने विरोध जताया तो मरीज के तीमारदारों ने भाकियू संगठन के कार्यकर्ताओं को वहां बुला लिया। इन लोगों ने अस्पताल में कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार कर दिया, जिससे वहां पर हंगामे और विरोध के चलते हड़ताल की नौबत आ गई। हंगामे के बाद कर्मचारी सीएमएस दफ्तर पर एकत्र हो गए और धरने पर बैठ गए। दोपहर बाद हुए मामले में सायं को शहर कोतवाली में मरीज के तीमारदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने इस मामले में तीमारदार शाहरूख को गिरफ्तार कर लिया। घंटों तक काम बन के बाद फिर से कर्मी काम पर लौटे। जिला अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों ने चेताया कि यदि दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की जाती तो विवश होकर हमें अपनी सुरक्षा जैसे मुद्दे पर हड़ताल से पीछे नहीं हटेंगे।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

**सम्पादक-अंकुर दुआ**

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## मुफ्त की रेवड़ी, खजाना खाली

मुफ्त की रेवड़ी यानी बिजली फ्री, यात्रा फ्री आदि देकर पंजाब, हिमाचल, कर्नाटक की सरकारें आर्थिक तंगी का सामना कर रही हैं। पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिवालियेपन से बचने के लिए कुछ कड़े फैसले लिए हैं, जिनसे पंजाब ही में उनकी आलोचना हो रही है। हिमाचल की सरकार भी आर्थिक संकटों का सामना कर रही है। कर्नाटक भी फ्री की घोषणाओं से मुश्किल में है। प्रधानमन्त्री कई बार फ्री रेवड़ी कलचर के बुरे परिणामों की चर्चा कर चुके हैं, लेकिन सत्ता के लोभ में कुछ राजनेता इस तरह की बातें नहीं सुनते। अब फ्री रेवड़ी कलचर के बुरे परिणाम सामने आ रहे हैं। लगता है कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमन्त्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रधानमन्त्री की नसीहत को अब समझ गए हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू अब मुफ्त की रेवड़ियों से पीछा छुडाकर, आत्मनिर्भर हिमाचल बनाने की दिशा में काम करने की सोच रखकर अर्थव्यवस्था को सुधारने में जुट गए हैं। उन्होंने प्रदेश में साधन संपन्न लोगों को बिजली व पानी पर मिल रहे उत्पादन को बंद कर दिया है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही कि इसका लाभ गरीब लोगों को मिलता रहे। मुख्यमन्त्री का कहना है कि राजनीतिक लाभ के लिए वह सरकारी खजाने को लुटने नहीं देंगे। सरकार के पास विकास के लिए पैसों की कमी नहीं है, लेकिन पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश की संपदा लुटाकर आर्थिक हालत बिगाड़ी है। राज्य की संपदा को आत्मनिर्भर हिमाचल के नीतिगत निर्णयों में बदलाव लाकर आगे बढ़ाने के लिए भी लगा रहे हैं। कर्नाटक भी फ्री रेवड़ी कलचर से त्रस्त है। फ्री रेवड़ी कलचर ने वहां अर्थव्यवस्था तो बिगड़ी ही और भी मुश्किलें खड़ी की हैं। कर्नाटक में मजदूरों की कमी हो गई है। लोगों को काम कराने के लिए श्रमिक ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। खेतों और कॉफी के बागानों में काम करने वाले कुशल कारीगरों की कमी हो गई है। ऐसे में एक वर्ग कांग्रेस की चुनावी रेवड़ियों को इसका जिम्मेदार मान रहा है। कांग्रेस सरकार ने अपने वादों को पूरा तो किया है, लेकिन खजाने पर बोझ डालकर। गरीबों को फ्री चावल, फ्री बिजली समेत कई योजनाओं का लाभ मिल रहा है। महिलाओं को फ्री बस यात्रा का भी लाभ मिल रहा है। कॉफी बागान, जो 30 लाख कृषि कार्यबल में से लगभग 5 लाख लोगों को रोजगार देते हैं, पहले से ही कुशल मजदूरों की कमी का सामना कर रहे हैं, जो 10 किलो मुफ्त चावल, परिवार की प्रत्येक महिला मुखिया को 2,000 रुपये प्रति माह, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और 200 यूनिट बिजली जैसे लाभों के लिए पात्र हैं। इससे कर्नाटक की अर्थव्यवस्था चरमरा रही है। पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार वित्तीय संकट से जूझ रही है। इसका कारण भी फ्री रेवड़ी कलचर ही है। हाल ही में पंजाब सरकार ने कई कड़े वित्तीय फैसले लिए हैं। इन फैसलों में बिजली सब्सिडी को आंशिक रूप से वापस लेना, पेट्रोल और डीजल पर वैट में बढ़ोतरी और बस किराए में 23 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी सरकार के फैसलों में शामिल है। इससे वह विपक्ष के निशाने पर भी आ गई है। सरकार अपने नए फैसलों से अतिरिक्त 2,500 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद कर रही है। सभी उपभोक्ताओं को प्रति माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली की पेशकश आम आदमी पार्टी ने अपने चुनावी वादे में की थी। आप सरकार ने 2022 में सत्ता में आने के बाद पिछली कांग्रेस शासन द्वारा शुरू किए गए 7 किलोवाट लोड तक 3 रुपये प्रति यूनिट के नियम को भी जारी रखा था। सब्सिडी वापस लेने से गर्मी के महीनों में कम से कम 12 लाख और सर्दियों में 1.5 लाख उपभोक्ता प्रभावित होने की उम्मीद है। इससे राज्य के खजाने को प्रति वर्ष 1,800 करोड़ रुपये बचाने में मदद मिलेगी। साथ ही अतिरिक्त 300 करोड़ रुपये का राजस्व भी बढ़ेगा। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि बिजली आपूर्ति पर 20 प्रतिशत तक विभिन्न टैक्स लगाए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि अगर आप सरकार ने अपने पहले चुनावी वादे को लागू करते हुए जुलाई 2022 में 300 यूनिट मुफ्त बिजली लागू की, तो बिजली सब्सिडी वापस ले लेना बेहतर होता। अधिकारियों ने कहा कि इसके बाद सब्सिडी की जरूरत नहीं रही थी, लेकिन सरकार ने सुझावों को अनसुना कर दिया। मुफ्त बिजली का वादा दिल्ली और पंजाब में आप का मुख्य वादा रहा है। वहीं राज्य में वैट में बढ़ोतरी के बाद पंजाब में पेट्रोल और डीजल अब उत्तर भारत में सबसे महंगे हैं। भगवंत सिंह मान सरकार के पास कुछ ही विकल्प बचे थे, क्योंकि नकदी संकट के कारण उसे इस महीने अपने कर्मचारियों के वेतन में देरी करने के लिए भी मजबूर होना पड़ा। वेतन 1 सितंबर के बजाय 4 सितंबर को भुगतान किया गया। एक अधिकारी ने कहा, अब जब मुफ़्त चीजों ने राजकोष को खाली कर दिया है और सरकार अपने कर्मचारियों को वेतन देने में असमर्थ है, तो यह कदम उठाया गया है। अब सरकार को आलोचना का सामना करना पड़ेगा। अगर और उपाय नहीं किए गए, तो सरकार अगले महीने भी वेतन नहीं दे पाएगी। इस वित्तीय वर्ष के अंत तक सरकार का बकाया कर्ज बढ़कर 3.74 लाख करोड़ रुपये होने की उम्मीद है। बिजली सब्सिडी को आंशिक रूप से वापस लेने से पहले अकेले इससे 2024-25 वित्तीय वर्ष के दौरान राज्य के खजाने पर 24,000 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान था। वहीं राज्य का राजस्व घाटा भी 2024-25 में 24,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार 2023-24 में पंजाब का ऋण-से-जीडीपी अनुपात 47.6% था। अपने अन्य चुनावी वादों को पूरा करते हुए आप सरकार सरकारी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त परिवहन की सुविधा भी देती है, जिससे हर साल सरकारी खजाने पर लगभग 650 करोड़ रुपये का खर्च आता है। इस साल की शुरूआत में इस योजना को खत्म करने का प्रस्ताव रखा गया था, जिसे सीएम भगवंत मान ने खारिज कर दिया था, लेकिन फिर इस साल का बजट बिना किसी नए कर प्रस्ताव के पेश करने के बाद मान सरकार ने पुराने वाहनों पर हालिया ग्रीन टैक्स सहित नए टैक्स लगा दिए थे। पिछले महीने मान सरकार ने मोटर वाहन टैक्स को 0.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 1 प्रतिशत कर दिया था। विपक्ष के नेता और कांग्रेस विधायक प्रताप सिंह बाजवा ने आप सरकार पर राजस्व बढ़ाने के बहाने आम लोगों की जेब में छेद करने का आरोप लगाया है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"कांग्रेस" "भाजपा" "सपा" "नेता"

नेता था कांग्रेस का अब भाजपा में है।  
इक भाजपा को छोड़ के आया सपा के साथ।  
इस दौर का ये नेता भी कितना अजीब है,  
आए वफा के साथ न जाए वफा के साथ।

# न्याय व्यवस्था के विकास में सहायक होने का किया आह्वान

**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** शनिवार को अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद् का स्थापना दिवस अधिवक्ता परिसर ब्रज ईकाई जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा जिला बार संघ फैंथम हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता नरोत्तम गर्ग प्रांत अध्यक्ष अधिवक्ता परिषद् व मुख्य वक्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राखी शर्मा महामंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अधिवक्ता परिषद विजय कुमार त्यागी ने की। मुख्य अतिथि नरोत्तम गर्ग ने अधिवक्ताओं को अपना कार्य निपुणता से करने, न्याय व्यवस्था का सर्वांगीण विकास में सहायक होने का आह्वान किया। उन्होंने कानूनों के संशोधन सरल एवं पारदर्शी बनाने पर बल दिया। मुख्य वक्ता राखी शर्मा अधिवक्ता परिषद् द्वारा राष्ट्रहित एवं समाज को एकत्रित करने, पीड़ितों को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। न्याय प्रणाली को सुगम बनाने के लिए राष्ट्रीय, प्रान्त, तहसील, कचहरी एवं न्याय केन्द्रों का अधिवक्ता परिषद द्वारा गठन करना सेवा भाव को दर्शाता है। जहां गरीब लोगों को कानूनी सहायता प्रदान करना एवं जागरूकता हेतु चलाये जा रहे राष्ट्रीय स्तर पर प्रयासों की चर्चा की। कार्यक्रम में जिला बार संघ अध्यक्ष प्रमोद त्यागी एवं महासचिव सुरेन्द्र मलिक, सिविल बार महासचिव सतेन्द्र कुमार ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में प्रान्त मंत्री निर्मल मित्तल उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री हरिओम गोयल एवं रवि दत्त ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीगोपाल माहेश्वरी, विष्णु दत्त, सुभाष चंद सैनी, सुनील मित्तल, संजीव गर्ग, रामफल पुण्डीर, नरेन्द्र प्रजापति, अनिल कुमार, ललिता, अर्पित मित्तल, अरुण शर्मा, भूपेन्द्र ठाकुर, रेखा शाही, दिपाशा, नरेन्द्र कश्यप, प्रभा रानी, संतोष, विष्णु गर्ग, मिनाक्षी द्विवेदी, भावना रस्तौगी, प्रशांत शर्मा, अनुज शर्मा, विमल पोशवाल, सलेक चन्द, गोपाल कश्यप, सतेन्द्र, संजय शर्मा आदि सम्मानित अधिवक्ता उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफलता से सम्पन्न हुआ।






## व्यापारी सुरक्षा फोरम की मासिक बैठक सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बुस.)।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की मासिक मीटिंग शुक्रवार कार्यालय पर संपन्न हुई। मीटिंग की अध्यक्षता विश्वदीप गोयल और संचालन राजकुमार रहेजा ने किया। मीटिंग में संगठन का विस्तार करते हुए युवा नगर अध्यक्ष प्रवीण गोयल को मनोनीत किया गया। साथ ही मंडल पदाधिकारियों द्वारा अरुण और संजय गोयल को सह मंडल प्रभारी बनाया गया। मीटिंग में व्यापारियों की समस्या को सुना गया और उनके निराकरण संबंधी कार्य किए गए। व्यापारी सुरक्षा फोरम की मासिक मीटिंग में सभी व्यापारियों को आमंत्रित किया जाता है, जिन व्यापारियों की समस्या होती है, उन समस्याओं को निराकरण करने क्या प्रयास किया जाता है। मीटिंग में विश्व दीप गोयल, राजकुमार रहेजा, संजय मित्तल, सम्मति कुमार जैन, राहुल पवार, रोबिन जैन, प्रवीन गोयल, मनीष शर्मा एड., संजय अग्रवाल, प्रवीन वर्मा, विकास शर्मा, हर्षित गर्ग एड. कानूनी सलाहकार, अजय गर्ग मंडी प्रभारी, संजय गोयल, अरुण, दीपक शर्मा, शुभम कुमार गर्ग, सागर अरोड़ा, विपुल मित्तल, राजपाल कश्यप, सचिन शर्मा, रविंद्र, शशि, श्रुति सिंघल, विकास पाल, अजय शर्मा, अर्जुन सिंह पवार, रानुज रस्तोगी, अरुण कुमार रस्तोगी, कपिल सिंधी व नितिन आदि संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।



# कासगंज महिला अधिवक्ता की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** कासगंज जिले में महिला अधिवक्ता की हत्या किए जाने के विरोध में शनिवार को जिला बार एवं सिविल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। महिला अधिवक्ता के हत्यारोपियों को सजा दिलाने की मांग की। बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने कासगंज मर्डर केस को लेकर कलेक्ट्रेट में जुलूस निकालने के बाद प्रदर्शन किया। जिला बार संघ अध्यक्ष प्रमोद त्यागी एड. के साथ मौजूद अधिवक्ताओं ने इस बीच नारेबाजी करते हुए जिला कासगंज में महिला अधिवक्ता की हत्या किए जाने पर आक्रोश प्रकट किया। अधिवक्ता प्रमोद त्यागी ने बताया कि कासगंज जिले में चार सितम्बर को महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की नृशंस हत्या कर दी गई। इसी को लेकर प्रदेश भर के अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। अधिवक्ताओं खासकर महिला वकीलों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि अधिवक्ता बुद्धिजीवी वर्ग है, जो न्याय प्रशासन में एक स्तम्भ की भूमिका निभाता है। इसके बावजूद अधिवक्ता समाज दुःखद स्थिति में है।

4 सितम्बर को कासगंज में अधिवक्ता की हत्या होने के बाद अभी तक कोई भी हत्यारोपी गिरफ्तार नहीं किया गया। इससे अधिवक्ता वर्ग में आक्रोश है। प्रदर्शन के उपरांत एसोसिएशन की ओर से सीएम योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन एसडीएम मुख्यालय संजय सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से अधिवक्ताओं के लिए सम्मान व सुरक्षा व्यवस्था किये जाने, महिला अधिवक्ता के हत्यारोपियों की जल्द गिरफ्तारी और उनको कड़ी सजा दिलाये जाने की मांग की गई। इस बीच प्रदर्शन में मुख्य रूप से महासचिव सुरेन्द्र कुमार मलिक, सिविल बार के अध्यक्ष ब्रिजेन्द्र सिंह मलिक व महासचिव सत्येन्द्र कुमार, अशोक चौहान, राहुल शर्मा, खुर्रम उस्मानी, दीपक वर्मा, अमित मैनी, मीनाक्षी, मोनिका, अरूण धारीवाल, अंजू, जय कुमार, सुधीर कुमार, राजेश सैनी, राजीव जैन, महीपाल, विशाखा, प्रभात, शालू तोमर, शुभम शर्मा, रूबी, अलका व कपिल सहित अन्य अधिवक्ताओं ने प्रतिभाग करते हुए रोष जताया।




## न्यायालय एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 अपील कोर्ट का बहिष्कार जारी

**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** दी उत्तर प्रदेश टैक्स बार एसोसिएशन की प्रदेश इकाई के आह्वान पर जिला इकाई की ओर से शनिवार को एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 अपील के न्यायालयों का पूरे प्रदेश में बहिष्कार किए जाने की घोषणा की गई। इसके साथ ही चार सूत्रीय मांग पत्र के माध्यम से अधिवक्ताओं ने समस्याओं के समाधान कराने की मांग की। दी उत्तर प्रदेश टैक्स बार एसोसिएशन की जिला इकाई की ओर से एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 अपील के न्यायालयों का पूरे प्रदेश में बहिष्कार के आह्वान के बीच वरिष्ठ अधिवक्ता व प्रदेश कार्यकारिणी के एक्जिक्यूटिव मेंबर अमरकांत गुप्ता ने यूपी के मुख्यमंत्री के साथ एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1, ज्वाईंट कमिश्नर कार्यपालक राज्यकर मुजफ्फरनगर को भेजे मांग पत्र में प्रदेश संगठन की मांगों का समर्थन करते हुए अधिवक्ताओं की मांगों को पूर्ण कराए जाने की मांग की। संगठन के मांग पत्र में अपीलों का निस्तारण अधिनियम के अंतर्गत किए जाने के साथ अपीलों की नोटिस फर्म के स्वामी, साझीदार एवं डायरेक्टर को तामील कराने के साथ राज्यकर विभाग में न्यायिक प्रक्रिया में शासन-प्रशासन का हस्तक्षेप प्रतिबंधित किए जाने की मांग की। वहीं विभागीय अपील में विभाग प्रथम पक्षकार बनाम फर्म द्वितीय पक्षकार अपील से लेकर उच्चतम न्यायालय तक होता है, ऐसे में विभाग का हस्तक्षेप विधि संगत नहीं है।



## एसपी सिटी व एसडीएम सदर ने सुनी फरियादियों की पीड़ा

**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** तहसील सदर में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र से आए फरियादियों की जनसमस्याओं को सुना गया एवं उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण के लिए अधीनस्थों को निर्देशित किया गया। योगी सरकार की पहल पर शनिवार को फरियादियों से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निदान की खातिर सदर तहसील सभागार में संपूण समाधान दिवस संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत व एसडीएम सदर निकिता शर्मा द्वारा तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, राशनकार्ड एवं चकबंदी आदि से संबंधित शिकायतें मुख्य रूप से प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के बीच अधिकारी जनता की जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा समस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण को निर्देशित किया गया। आलाधिकारियों ने अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच के बाद तय समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें व महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों की जाँच प्राथमिकता के आधार पर की जाए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर व तहसीलदार सदर सहित अन्य पुलिस, प्रशासनिक एवं राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



# एसडी पब्लिक सीनियर विंग के प्रांगण में हुआ दो दिवसीय सक्षम-ए प्राइज्ड मार्निंग का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 7 सितम्बर (बुस.)।** खेलकूद न केवल विद्यार्थियों के शरीर को स्वस्थ बनाता है, बल्कि उन्हें जीवन जीने की कला भी सिखाता है। इसी भावना को फलीभूत करने के उद्देश्य से दिनांक 6 और 7 सितम्बर को एस0डी0पब्लिक स्कूल सीनियर विंग के प्रांगण में दो दिवसीय सक्षम-ए प्राइज्ड मार्निंग (बेशकीमती सुबह) खेलकूद प्रदर्शन का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व विद्यालय के सभी शारीरिक शिक्षकों के द्वारा किया गया। सक्षम खेल महोत्सव में कक्षा दसवीं के सभी छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं-एथलेटिक्स, वॉलीबाल, क्रिकेट, बॉस्केटबाल, शतरंज, बेंडमिंटन, टेबिल टेनिस, कबड्डी, खो-खो में भाग लेकर अपनी खेल क्षमताओं का बेहतरीन प्रदर्शन कर हर्षोल्लास और उत्साह के साथ एक नए मुकाम को छू लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय डॉयरेक्टर चंचल सक्सेना, उपप्रधानाचार्य शिव कुमार शर्मा, जूनियर विंग इंचार्ज डॉ. रचना जैन, दा एसडी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या नीलम माहना, सीनियर विंग इंचार्ज शशीकांत शर्मा व मिडिल विंग इंचार्ज गीता मित्तल के साथ खेल ध्वजारोहण से हुआ। प्रतियोगिता में प्रमुख आकर्षण केन्द्र एथलेटिक्स-100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ व रिले रेस में छात्र-छात्राओं ने अपूर्व उत्साह, धैर्य व जोश दिखाते हुए अपने बेहतर प्रशिक्षण और मेहनत का प्रदर्शन करते हुए सभी दर्शकों को रोमांचित कर दिया। क्रिकेट, वॉलीबाल, बॉस्केटबाल जैसे खेलों में भी सभी छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागी होकर अपने खेल कौशल, टीम वर्क व संघर्ष क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया, जो जीवन के अन्य पहलुओं पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। इसके अतिरिक्त छात्रों ने विभिन्न खेलों-शतरंज, खो-खो, कबड्डी व टेबिल टेनिस में भाग लेकर यह जता दिया कि इस प्रकार के खेलों से शारीरिक फिटनेस, मनोवैज्ञानिक विकास, सामूहिक सहयोग को बढ़ावा देने का कार्य करता है, साथ ही आत्मविश्वास और सामाजिक कौशल को भी सशक्त करता है। इस अवसर पर उन सभी छात्रों को विद्यालय डायरेक्टर चंचल सक्सेना ने मैडल देकर सम्मानित किया, जिन्होंने साहित्यिक क्षेत्र में अपनी सृजनात्मकता व कौशलता का परिचय देते हुए उच्च स्थान प्राप्त किया, साथ ही उन छात्रों को भी सम्मानित किया गया जिनकी शैक्षणिक वर्ष में 100 प्रतिशत उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय डायरेक्टर श्रीमती चंचल सक्सेना ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे सभी छात्रों ने खेल प्रदर्शन में जो उत्कृष्टता प्रदर्शित की है, वह उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। छात्रों की इस सफलता के लिए उन्होंने उनके प्रशिक्षकों और अभिभावकों का भी विशेष धन्यवाद किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सभी खेल प्रशिक्षक के संरक्षण में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम संचालन में एक्टिविटी इंचार्ज व सभी शिक्षकों का पूर्ण सहयोग रहा।





यतिका अरोरा को क्लास टॉपर का सर्टिफिकेट व मेडल चंचल सक्सेना द्वारा प्रदान किया गया।

# तीसरी बार लगातार निर्विरोध चुने गए अजय सिंघल अध्यक्ष प्रवीण खेड़ा महामंत्री

**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बुस.)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के नगर कार्यकारिणी के त्रिवार्षिक चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी अशोक कंसल की देखरेख में गांधी वाटिका में हुए सम्मेलन में अजय कुमार सिंघल अध्यक्ष, प्रवीण खेड़ा नगर महामंत्री, अनिल तायल कोषाध्यक्ष, अमित मित्तल, पंकज अपवेजा संयुक्त महामंत्री निर्विरोध चुने गए। प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कंसल ने बताया कि मण्डल की स्थापना को 51 वर्ष सफलता पूर्वक पूरे हो चुके हैं। अनेकों व्यापारिक समस्याओं को निरन्तर प्रत्येक स्तर पर उठाकर समाधान कराया जाता है। पूरे प्रदेश के प्रत्येक जनपद में मजबूत संगठन है ही, अब राष्ट्रीय स्तर पर भी व्यापार मण्डल का सर्वाधिक बड़े संगठनात्मक ढांचे वाला संगठन है। पुनः निर्वाचित नगर अध्यक्ष अजय कुमार सिंघल ने कहा कि सभी व्यापारी अपने व्यापार को 10 से बारह घण्टे का समय देते हैं। समस्याओं के निदान के लिए प्रतिदिन आधा, एक घण्टे के ओसत से अवश्य समय सभी व्यापारियों को देना चाहिए, संगठन में ही शक्ति है। श्याम सिंह सैनी, सुलक्खन सिंह नामधारी, दिनेश गिरि, बागेश अग्रवाल के सानिध्य में हुए कार्यक्रम में सत्य प्रकाश मित्तल, सुखदर्शन सिंह बेदी, अशोक छाबड़ा को संरक्षक एवम पवन छाबड़ा, यश कपूर, आशीष सिंघल, अनिल नामदेव, विजय सिन्धी, दीपक गोयल, भूषण जैन, राज कुमार अरोरा, मनोज गुप्ता, घनश्याम पालीवाल, पंकज शर्मा, प्रमोद अग्रवाल, विनोद किंगर, संजीव गोयल, हरीश गुप्ता, कशिश गोयल, विजय सैन, शोभित सिंघल, अंकित गर्ग, रविन्द्र सिंह गम्भीर, हरीश अरोरा, राजेश साहनी, मोहित अग्रवाल, पंकज गोयल, चिंटू जैन, राजेश जुनेजा, संजय सिंघल, शलभ गर्ग, इन्द्र सुनेजा, के पी त्यागी, मनीष चौधरी, यश भूटानी, राकेश कंसल, चेतन स्वरूप, मनोज शील, प्रदीप उत्तरेजा, कृष्ण स्वरूप, शाश्वत अरोरा, वीरेंद्र अरोरा, पी के त्यागी, अर्जुन अग्रवाल, सुरेन्द्र अग्रवाल, सुभाष मित्तल, हीरा लाल को संगठन में अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका सौंपी गई। कार्यक्रम का संचालन श्याम सिंह सैनी व प्रवीण खेड़ा ने किया।



## पुरषार्थी मंदिर में गणेश जी की पूजा अर्चना हुई

**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बुस.)।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर आज नगर में बडी धूमधाम के साथ मनाई गई। मंदिरों में गणेश जी की पूजा की गई और श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर में गणेश भगवान की मूर्ति भी रखी गई। श्रद्धालु महिलाएं भगवान के भजनों पर जमकर झूमी। दाल मंडी के पुरषार्थी मंदिर में गणेश जी की पूजा की गई। इस अवसर पर दाल मंडी की समस्त महिला मंडली उपस्थित रही। पंडित राजेश मिश्रा ने पूजन कराया। इस अवसर पर सविता सक्सेना ने बताया कि आज से गणेश चतुर्थी का आयोजन शुरू हुआ है, जो एक हफ्ते तक मंदिर में चलेगा। हर रोज श्रद्धालुओं द्वारा गणेश जी का पूजन किया जाएगा।



## गणेश भगवान की मूर्ति स्थापना हुई

**भोपा, 07 सितम्बर (बु.)।** भोपा में 9वें विशाल गणेश महोत्सव के प्रथम पूजा अर्चना के बाद गणेश भगवान की मूर्ति की स्थापना की गई। अन्य श्रद्धालु लोगों ने भी मूर्ति स्थापना की। मंदिर में भजन कीर्तन के साथ प्रसाद वितरण कार्यक्रम भी हुआ। गणेश सेवा समिति के सीनू अग्रवाल, रूबी जैन, बसंत प्रजापति, बंटी चौधरी ने बताया कि प्रतिदिन सुबह-शाम जहां आरती का आयोजन होगा, वहीं शाम को प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी होगा। कार्यक्रम के यजमान लेखपाल मंगेश वालिया व उसका परिवार रहा। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, तरूण प्रधान, सुभाष वालिया, अंकित शर्मा, कुणाल वालिया, प्रदीप वालिया, डॉ.रूपेश कुमार, राजकुमार भारद्वाज, आर्यन, अर्जुन, होसनाथ बालियान, पंडित ध्यानचंद आदि मौजूद रहे।



आवश्यकता है
होल सेल रेडीमेट की दुकान पर एक हैल्पर की
M.:9997852852,9897215461

Taxi Estd. 1995 Taxi
गौतम कार सर्विस
हर प्रकार की गाड़ियां किराये हेतु हर समय उपलब्ध हैं।
नम्बर सेव कर सेवा का लाभ उठायें
PRIYANK GAUTAM
7417556214
हमारा अन्य कोई नम्बर नही है।
नोट- सेल्फ ड्राईविंग की सुविधा उपलब्ध है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में मंत्री डीएम एसएसपी ने सुनी शिकायतें

**जानसठ, 07 सितम्बर (बु.)।** तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री, डीएम और एसएसपी ने संयुक्त रूप से की। बार संघ के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने भी अपनी मांगों का एक ज्ञापन डीएम को सौंपा। शनिवार को तहसील परिसर के सभाकक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, डीएम अरविंद मल्लपा बंगारी, एसएसपी अभिषेक सिंह ने की। इस दौरान 35 शिकायते प्राप्त हुई, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण करा दिया। डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की ढ़िलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उसके बाद अधिकारी क्षेत्र के गांव सलारपुर में पहुंचे, जहां पर उन्होंने प्रमाण पत्र वितरित किए। ग्रामीणों को पीएम आवास की जानकारी दी। समाधान दिवस में बार संघ के अध्यक्ष अजय कुमार पंत के नेतृत्व में कासगंज जिले में की गई महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की नृशंस हत्या के विरोध में समस्याओं के निस्तारण हेतु पहुंचे। डीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। बार संघ सचिव दीपेश गुप्ता एड. ने ज्ञापन सौंपते हुए सभी अधिवक्ताओं की ओर से मांग की कि कासगंज जिले में महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की असामाजिक तत्वों द्वारा निर्ममता के साथ की गई हत्या की घटना को लेकर संपूर्ण प्रदेश के अधिवक्ताओं में रोष है। इस दौरान मुख्य रूप से कविता, स्नेह लता, सायरा, अंजू सैनी, सूफिया सिद्दीकी, सीमा, मांगे सिंह, वेद प्रकाश सैनी, अजादार जैदी, शहजाद अली, जुल्फिकार अहमद, विनोद चौधरी, बृजेश कुमार, सुखचंद, गुरजीत सिंह, नरेश कुमार, अनुज पाल, प्रदीप सैनी, प्रदीप वालिया आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे। संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम सुबोध कुमार, तहसीलदार सतीश चंद बघेल आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।वहीं नगर पंचायत के सभासद ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर अधिशासी अधिकारी पर धमकी देने का आरोप लगाकर शिकायती-पत्र दिया। डीएम ने जांच कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया। संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी को एक शिकायती-पत्र दिया। सभासद नें अधिशासी अधिकारी पर विकास कार्यों की शिकायत के बाद फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया। शिकायती-पत्र में बताया कि उसनें अपने वार्ड में बिछाई गई पेयजल पाइपलाइन में घटिया सामग्री लगाई जाने की शिकायत अधिशासी अधिकारी से की थी। अधिशासी अधिकारी ने सभासद के मोबाइल पर वार्ता करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालने का फर्जी मुकदमा लिखवाने की धमकी दी, जिसकी शिकायत पीड़ित सभासद ने मुख्यमंत्री कार्यालय सहित डीएम से की। डीएम ने सभासद की बात सुनने के उपरांत तत्काल मामले का संज्ञान लेते हुए विकास कार्यों की जांच के आदेश दे दिए। सभासद मोहम्मद अहसान का कहना है कि उत्तर प्रदेश सरकार का गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य करानें का स्पष्ट आदेश है, लेकिन नगर पंचायत जानसठ में विकास कार्यों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। उन्होंने कहा कि यदि कोई कार्रवाई नहीं होती, तो वह अनिश्चितकालीन धरना और भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगे।

# शाहपुर में गणेश चतुर्थी पर भव्य प्रभात फेरी के साथ की गई सिद्धिविनायक की स्थापना

**शाहपुर, 7 सितम्बर (बु.)।** सनातन धर्म के गणपति महोत्सव की शुरूआत शनिवार को बड़े त्यौहार गणेश चतुर्थी पर सिद्धिविनायक की स्थापना के साथ हो गई। प्रभात फेरी , ढोल नगाड़ों के साथ ही घरों में विशेष पूजा-अर्चना कर भगवान गणपति की स्थापना की गई। अनंत चतुर्दशी तक चलने वाले इस महापर्व का बप्पा के विसर्जन के साथ ही समापन होगा। गणेश चतुर्थी का पर्व प्रत्येक वर्ष भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को मनाया जाता है, इसके संबंध में कई पौराणिक कथाएं प्रचलित है। कहा जाता है कि एक बार भगवान गणेश ठीक प्रकार से मूषक की सवारी नहीं कर पाए, तो यह दृश्य देखकर चंद्रमा को हंसी आ गई। इस पर गुस्साए गणेश जी ने चंद्रमा को श्राप दे दिया कि तुम देखने योग्य नहीं रहोगे। जो भी कोई तुमको देखेगा, वह पाप का भागी बनेगा। श्रापित चंद्रमा ने देवताओं से गुहार लगाई, तो देवराज इंद्र के नेतृत्व में सभी देवताओं ने गजानन की स्तुति प्रारंभ कर दी, जिससे प्रसन्न होकर गणेश जी ने देवताओं को वरदान मांगने को कहा, जिस पर देवताओं ने चंद्रमा को श्राप मुक्त करने का वरदान मांगा। इस पर गणपति ने कहा कि वह अपना श्राप तो वापस नहीं ले सकते, लेकिन इसमें संशोधन कर सकते हैं। अब भाद्रपद की चतुर्थी को ही चंद्रदर्शन अभिशप्त माना जाएगा। इस चतुर्थी को चंद्रदर्शन पर कलंक लगेगा, लेकिन शेष माह की चतुर्थी को चंद्रमा को अर्घ्य दिया जाएगा। तभी से यह पर्व मनाया जाता है। इसके अलावा अभी कथा प्रचलित है कि मराठा हिंदू सम्राट शिवाजी ने गणेश चतुर्थी पर्व की नींव रखी थी। गणपति को पेशवाओं का कुल देवता माना जाता है। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने हिंदू संस्कृति को मुगलों के शोषण से बचाने के लिए एवं एकजुटता दिखाने के लिए यह त्यौहार प्रारंभ किया था। शुक्रवार को देशभर के साथ-साथ शाहपुर में भी गणेश चतुर्थी पर घरों में गणपति की स्थापना की गई । प्रभात फेरी एवं ढोल नगाड़ों के साथ ही घरों में सिद्धिविनायक की स्थापना की गई। आज सुबह शाम भगवान गणेश की वंदना पूजा के साथ-साथ उन्हें भोग लगाया जाएगा तथा भाद्रपद की चतुर्दशी अनंत चतुर्दशी पर गणपति बप्पा को विदाई दी जाएगी। इसी दिन विधि विधान से प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। प्रभात फेरी में अमित मित्तल, नितिन मित्तल, पंकज गोयल, लवनीश सिंघल, अक्षय गोयल, मनोज अरोरा, रवि अरोरा, विनय नामदेव, मुकेश गर्ग, मनीष गर्ग, अमन मित्तल, कुंज मित्तल, अर्पित गोयल कार्तिक सिंघल, अश्विन सिंघल, वैभव गोयल, अक्षय गोयल, मनीष गर्ग मोबाइल वाले, विशु नामदेव, मंजू गर्ग, अनीता गोयल, ललिता गर्ग, मिनाक्षी मित्तल, नंदनी मित्तल, अक्षिता गोयल आदि शामिल रहे। गणपति स्थापना के अवसर पर अमित मित्तल टिंकू, मनोज अरोरा, रवि अरोरा, अमन मित्तल, कुंज मित्तल, विनित मित्तल, नितिन मित्तल, मुकेश गर्ग, मनीष गर्ग, आशु नामदेव, राकेश गोयल, पंकज गोयल, बिट्टू सिंघल, सुनील मित्तल, मुकेश मित्तल, अविक मित्तल, कर्तिक सिंघल, सन्नी अरोरा अक्षय गोयल, मनीष गर्ग, राकेश गोयल, विनय नामदेव, सरोज नामदेव, मंजू सिंघल, अनीता गोयल, ललिता गर्ग, मंजू गर्ग आदि ने घरों में गणपति की पूजा की। श्री बालाजी धाम मंदिर एवं श्री पिपलेश्वर हनुमान मंदिर में भी सिद्धिविनायक की आराधना की गई



REQUIRED
INDRAPRASTHA PUBLIC SCHOOL
Morna (Muzaffarnagar)
(Affiliated to C.B.S.E., New Delhi 10+2)
PGT: Biology, Fine Art.
TGT: English, Science, Computer
PRT: All Subjects & Music, Dance and Craft Teacher
(NTT) Mother Teacher
Teachers should be fully qualified & Experienced Free conveyance from Muzaffarnagar. Candidates are required to submit resume with ipsmorna1999@rediffmail.com
Contact at once: 9897727554,7055511577






गणपति धाम में गणेश महोत्सव में उपस्थित उद्यमी भीम कंसल, बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, पूजा दुआ, संजय मित्तल व अन्य

## कांग्रेस के साथ आप के गठबंधन में पेच फंसा

**पंचकूला, 7 सितंबर (एजेंसी)।** हरियाणा में विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन पर पेच फंसने के बाद शनिवार को आम आदमी पार्टी ने चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग पार्टी को कम आंकते हैं उन्हें इसका पछतावा होगा। आप के राष्ट्रीय सचिव (संगठन) संदीप पाठक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि पार्टी पूरी ताकत से हरियाणा चुनाव में सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। पाठक ने कहा कि हमारी तैयारी पूरी हैं बस पार्टी के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। जैसे ही हमारे लिए 'जारी' शब्द जारी होगा। हम सब कुछ घोषित कर देंगे। हम सभी सीटों पर पूरी ताकत से चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं और जो लोग हमें कम आंकते हैं, उन्हें भविष्य में खुद इसका पछतावा होगा।

## थूक लगाकर तंदूर में सेंक रहा रोटी, वीडियो वायरल

**ग्रेटर नोएडा, 7 सितंबर (एजेंसी)।** तंदूर पर रोटी सेंकते समय एक युवक द्वारा रोटी पर थूकने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको हिरासत में ले लिया है। शनिवार को एवन चिकन कॉर्नर नामक एक ढाबे में युवक द्वारा रोटी बनाते समय का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। प्रसारित वीडियो रबूपुरा स्थित एक ढाबे का बताया गया, जिसमें एक युवक तंदूर पर रोटी बनाते समय बार-बार उस पर थूक रहा है।

## सीएम योगी ने प्रमुख सचिव राजेश सिंह को हटाया

**लखनऊ, 7 सितंबर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रमुख सचिव राजेश सिंह को हटा दिया है। वह 1991 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्हें प्रतीक्षा में रखा है। उनके पास सहकारिता, कारागार और ग्राम विकास विभाग था। बताया जा रहा है कि एक मामले में सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी के बाद मुख्यमंत्री ने यह कार्रवाई की है। उनकी जगह प्रमुख सचिव अनिल गर्ग को कारागार, प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल को सहकारिता विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जिसकी जिम्मेदारी अनिल गर्ग कल संभालेंगे।

## भीख नहीं देने पर भिखारी ने पेट में घोंप दिया चाकू

**बिजनौर, 7 सितंबर (एजेंसी)।** भीख नहीं देने पर एक भिखारी आपा खो बैठा और एक व्यक्ति के पेट में चाकू घोंप दिया। गंभीर हालत में घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने भिखारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नई बस्ती में शनिवार को भिखारी भीख मांगने के लिए आया। जिसे नईम (45) पुत्र रईस ने भीख देने से मना कर दिया। इसके बाद वह नईम के पड़ोस वाले घर में भीख मांगने चला गया, उस घर में भी महिला ने भीख नहीं दी। इस पर भिखारी महिला से भीख देने के लिए जबरदस्ती करने लगा। दोनों में बहस हुई तो नईम भी पहुंच गया। नईम ने भिखारी को डांट दिया, जिस पर भिखारी आपा खो बैठा औरर गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर जेब से चाकू निकालकर नईम के पेट में मार दिया। आस पास के लोग जमा हो गए। घायल नईम को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने गुरु गोरखनाथ का दर्शन किया

गोरखपुर, 7 सितंबर (एजेंसी)। पहली बार गोरखपुर आए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को सैनिक स्कूल का लोकार्पण करने के बाद गोरखनाथ मंदिर जाकर शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया। साथ में उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ भी उपस्थित रहीं। सीएम योगी और गीता प्रेस के ट्रस्टी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को पुस्तकें भेंट की। दर्शन-पूजन का अनुष्ठान मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने खुद अपनी देखरेख में संपन्न कराया। गुरु गोरखनाथ के चरणों में शीश नवाकर और महायोगी के मंदिर के गर्भगृह में प्रज्वलित अखंड ज्योति की महत्ता जानकर उपराष्ट्रपति भावविभोर हो गए। मंदिर में ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्यजन से शिष्टाचा भेंट भी उपराष्ट्रपति ने की। गीता प्रेस के ट्रस्टी से भी मंदिर में उन्होंने मुलाकात की। इस दौरान सीएम योगी ने उपराष्ट्रपति को महायोगी गोरखनाथ की प्रतिमा और महंत अवेद्यनाथ पर प्रकाशित ग्रंथ और गीता प्रेस की पुस्तकें भी भेंट की।

## विद्युत और शिक्षा विभाग में हुए दो तबादले

**बुढ़ाना।** स्थानीय विद्युत विभाग और शिक्षा विभाग में दो तबादले हुए हैं। यहां विद्युत विभाग में टेक्निशियन टू के पद पर तैनात कमल सिंह को शाहपुर भेजा गया है और उनके स्थान पर शाहपुर से आए दीपक बालियान को बुढ़ाना विद्युत विभाग का टेक्निशियन टू बनाया गया है। इसके अलावा शिक्षा विभाग में कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास खंड पुरकाजी पर लम्बित कार्यों के दृष्टिगत अंकुर कुमार सहायक लेखाकार समग्र शिक्षा कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी पुरकाजी की तैनाती कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी पुरकाजी से कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी बुढाना पर करते हुए कार्यों के त्वरित निस्तारण के लिए अनूप कुमार सहायक लेखाकार समग्र शिक्षा खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास खंड बुढाना को विकास खण्ड पुरकाजी का आवंटन किया जाता है।

**शेष - हिन्दू बस्ती में ...**



डलवाई है। हालांकि बिजली विभाग के लोगों ने बताया कि उन्होंने कोई कंटिया नहीं डलवाई है। इस पर लोगों ने कंटिया हटाने और बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज करवाने को कहा तो बिजलीकर्मी ये कहते हुए चले गए कि जेई कार्रवाई करेंगे। वहां पहुंचे लोगों का कहना है कि उक्त मकान का 375 गज का बैनामा है, लेकिन पड़ौस में एक अन्य व्यक्ति का मकान कब्जाकर 475 गज बना दिया गया है। इसके अंदर कई कमरों में आवामे हिंद पार्टी का दफ्तर बनाकर वहां बड़े बैनर व पोस्टर आदि भी चिपकाए गए हैं। मामले को लेकर हंगामे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले का समाधान कराने का आश्वासन देकर लोगों को शांत किया। इस पर ललित माहेश्वरी ने चेतावनी दी कि यहां धार्मिक स्थल बनाने की कोशिश की जा रही है तो इसका विरोध किया जाएगा।

# ग्यारह आरोपियों को क्रॉस केस मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा

**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** 24 साल पूर्व बच्चों के मामले में हुई घटना में धारदार हथियारों के हमले व मारपीट में फास्ट ट्रेक कोर्ट ने दोनों पक्षों के 11 लोगों को सजा सुनाई, जिसमें एक पक्ष के पांच और दूसरे पक्ष के छह लोगों को सजा सुनाई गई है। आपको बता दें कि एडीजीसी अमित त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 जुलाई 2000 में गांव छपरा में हनीफ व लियाकत के बच्चों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उक्त मामले में विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों की ओर से परिवार के लोग आमने सामने आ गये थे और धारदार हथियारों से एक दूसरे पर हमला कर दिया। उक्त मामले में एक पक्ष से लियाकत, परवेज, सलीम, जमशेद व इस्लाम के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज किया गया था। वहीं दूसरे पक्ष से सुक्का, सरफराज, इलियास, नसीम उर्फ छोटा व कक्ष के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज हुआ था। दोनों मामलों में पुलिस ने विवेचना करते हुए उक्त सभी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। सुनवाई के चलते लियाकत की मौत भी हो गई थी। शनिवार को एडीजीसी अमित त्यागी ने बताया कि इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रेक कोर्ट के न्यायाधीश निशांत सिंघल की कोर्ट में हुई तथा कोर्ट ने जावेद, परवेज, सलीम, जमशेद व इस्लाम को तीन-तीन साल की सजा व दो-दो हजार रुपये का अर्थदण्ड किया है। वहीं दूसरे पक्ष से इलियास, नसीम, सुक्का, सरफराज व नसीम उर्फ छोटा और कक्ष को छह-छह माह की सजा तथा पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना किया है।

# खुद पर लगे आरोपों के सुबूत न दे पाये तो बढ़ सकती हैं डॉक्टर विकास पंवार की मुश्किलें

**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** भोपा रोड पर प्रसिद्ध सर्जन विकास पंवार पर 28 अगस्त को नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने गंभीर आरोप लगाये थे। महिला का कहना था कि डॉक्टर ने 17 जुलाई को पथरी के ऑपरेशन के दौरान उसकी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ की। उक्त मामले में पुलिस ने हाल ही में कुछ दिन पहले डॉक्टर के खिलाफ पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया था। तभी से पूरे मामले की जांच पुलिस लगातार कर रही है। उक्त मामले में डॉ. विकास पंवार द्वारा अपनी वीडियो जारी करते हुए अपने ऊपर लगे हुए सभी आरोपों को निराधार बताया था और यह भी कहा था कि उनके पास भी बेटियां हैं, ऐसे में वे दूसरों की बेटी के साथ ऐसा कैसे कर सकते हैं। मगर पीड़ित पक्ष अब भी अपनी बात पर अडिग है और शुक्रवार को पीड़ित पक्ष की ओर से 164 के बयान देते हुए अपने साथ हुए पूरे प्रकरण की जानकारी कोर्ट को दी गई। शनिवार को उक्त मामले में विवेचना कर रहे विवेचक ने पीड़िता के बयान का अवलोकन किया। उक्त मामले में डॉ. विकास पंवार द्वारा अपनी मौखिक सफाई तो दे दी गई है, मगर यह भी तय है कि यदि डॉक्टर अपने ऊपर लगे आरोपों में कोई ठोस सुबूत न दे पाये तो शायद उनकी गिरफ्तारी भी की जा सकती है। अब देखना यह होगा कि वीडियो फुटेज के आधार पर पुलिस उक्त मामले में क्या कार्यवाही करती है।

## पुलिस के सामने पति ने पत्नी के प्रेमी पर किया फायर, मौत

**अलीगढ़, 7 सितंबर (एजेंसी)।** अलीगढ़ में थाना क्वार्सी अंतर्ग होली चौक इलाके में एक पीड़ित ने अपनी प्रेमिका के अपहरण की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पीआरवी द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच पड़ताल शुरू की गई। घर के मुख्य दरवाजे पर बाहर खड़े होकर पीआरवी महिला से पूछताछ कर रही थी। उसी वक्त दरवाजे के पीछे छिपे महिला के पति ने महिला व उसके प्रेमी को मारने के नीयत से एक फायर किया। पीआरवी ने प्रेमी को किसी तरह गोली लगने से बचाया, पर गोली महिला के लग गई। महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई है।

# जहीर फारूकी को मिली गढ़वाल मंडल के प्रभारी की जिम्मेदारी

**मुजफ्फरनगर, 7 सितम्बर (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन के दमदार नेता एवं पुरकाजी क्षेत्र में पहचान बनाने वाले पुरकाजी नगर पंचायत के अध्यक्ष जहीर फारुकी को भारतीय किसान यूनियन में अब भारी जिम्मेदारी मिली है। जहीर फारुकी एडवोकेट भारतीय किसान यूनियन में इस समय वे भाकियू के राष्ट्रीय सलाहकार के साथ साथ कई वरिष्ठ पदों पर जिम्मेदारी निभा रहे हैं। आज उन्हें भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत और राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की संस्तुति पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह द्वारा जहीर फारूकी एडवोकेट को प्रभारी गढ़वाल मंडल उत्तराखंड मनोनीत किया गया है और उनसे आशा की गई है कि वह किसान यूनियन को और मजबूत बनाएंगे। जहीर फारूकी एडवोकेट भाकियू के बड़े-बड़े आन्दोलनों में नरेश टिकैत और राकेश टिकैत के साथ रहे हैं और उनका टिकैत परिवार से प्रगाढ़ सम्बंध हैं। जैसे ही यह खबर अध्यक्ष समर्थकों को पता लगी तो उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। इस अवसर पर सभी ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। जहीर फारुकी ने कहा कि संगठन ने जो उन्हें जिम्मेदारी दी है, उसका वह पूरी तरह पालन करेंगे और कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक भारतीय किसान यूनियन से जोड़ेंगे। इस दौरान उनके आवास पर समर्थकों की भारी भीड़ रही।



**शेष -गणपति बप्पा मोरया...**

स्थापना की गई। इसके बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें सुंदर ढंग से सजाए गए रथ पर स्वर्ण रूप भगवान गणपति तथा खाटू श्याम जी विराजमान थे। रथ पर आरती के बाद श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाते हुए शुभकामनाएं दीं। गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया के घोष के बीच बैंड पर भक्ति धुनों के साथ रथयात्रा को रवाना किया गया। रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालु नाचते हुए गणपति जन्मोत्सव की खुशी मनाते रहे। बाद में यह शोभायात्रा मंदिर प्रांगण में आकर संपन्न हुई। रथयात्रा में गणपति के रथ के सारथी प्रमुख युवा उद्यमी विशु तायल बने। इस मौके पर खाटू श्याम प्रेमियों का उत्साह भी देखते बना। श्री खाटू श्याम सेवा प्रचार समिति रजिस्टर्ड मुजफ्फरनगर द्वारा यात्रा में श्री खाटू श्याम जी का विशाल और भव्य रथ आकर्षण का केंद्र रहा समिति के अध्यक्ष विशाल गोयल, दीपक गोयल, राहुल शर्मा, मयंक शर्मा, सौरभ गर्ग, पुलकित सिंघल, श्याम सुन्दर आदि सभी का सहयोग रहा। नगर में विभिन्न स्थानों पर मंदिरों के साथ श्रद्धालुओं ने घरों में भी गणपति की स्थापना की। एक सप्ताह तक चलने वाले इस आयोजन में प्रतिदिन विशेष पूजा के बाद गणपति विसर्जन के साथ यह आयोजन संपन्न होंगे।

# रात में बारिश के बाद दिन भी रहा नर्म, रात में कूलर बंद

**मुजफ्फरनगर, 7 सितंबर (बु.)।** बीती रात फिर हुई बारिश के बाद आज भी मौसम हल्की उमस के बावजूद नर्म बना रहा। नगर में अधिकतम तापमान 31.8 व न्यूनतम 22.5 डिग्री दर्ज किया गया। इस दौरान 2.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम ने रात में कूलर और एसी बंद करा दिए हैं। अभी मौसम में नमी बनी रहने की संभावना है। शहर में बीती रात बारिश हुई। हालांकि आज बादलों के बावजूद बारिश नदारद रही, लेकिन वेस्ट यूपी में कई इलाकों में बारिश दर्ज की गई। दो दिन से रुक-रुक कर हुई बारिश ने गर्मी व उमस से भी राहत मिली है। आसमान में काले बादल छाने से दिन भी अंधेरा छा गया। तेज हवा से मौसम खुशनुमा हो गया। लेकिन इससे शहर और जिले के कस्बों व गांवों में कई स्थानों पर जलभराव हुआ और लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि सितंबर की शुरूआत में मानसून ने थोड़ी रफ्तार पकड़ी है। जिस कारण से बारिश का असर दिखाई दे रहा है। हल्की से मध्यम बारिश अभी बनी रहेगी। इससे गर्मी पर भी काबू रहेगा।



## ज्ञानवापी : मसाजिद कमेटी से 11 अक्टूबर तक जवाब मांगा

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिक्षेत्र की जमीन की तीन साल पहले की अदला-बदली को गलत बताते हुए व विश्वनाथ कॉरिडोर की सारी जमीन बाबा विश्वनाथ के नाम करने के लिए दाखिल वाद को अदालत ने पर्याप्त आधार पाते हुए मूल वाद के तौर पर स्वीकार कर लिया है। इसके साथ ही अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी, उत्तर प्रदेश सरकार और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को अदालत ने 11 अक्तूबर को जवाबदेही दाखिल करने के लिए समन भेजने का आदेश दिया है। 18 अक्तूबर को अदालत वाद बिंदु निर्धारित करेगी। विश्वनाथ कॉरिडोर के नाम पर अधिग्रहित जमीन का स्वामित्व विश्वनाथ मंदिर का घोषित करने और मसाजिद कमेटी से जमीन की अदला-बदली को चुनौती देने वाली याचिका बनारस बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री नित्यानंद राय ने सिविल जज सीनियर डिवीजन हितेश अग्रवाल की अदालत में शनिवार को दाखिल की। सर्वे के दौरान मिली शिवलिंग जैसी आकृति की पूजा-पाठ, राग-भोग और मुस्लिमों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए अविमुक्तेश्वर भगवान की तरफ से दाखिल वाद में अमीन से सर्वे कराए जाने संबंधी आवेदन पर 16 सितंबर को कोर्ट आदेश देगी।

# देश में एक ही संविधान और एक ही पीएम...' शाह बोले- अब कभी वापस नहीं आएगा 370

**जम्मू, 7 सितंबर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू में एक रैली को संबोधित कर रहे हैं। अमित शाह ने लोगों से कहा कि यह संयोग है कि भाजपा की पहली चुनावी रैली गणेश चतुर्थी के दिन शुरू हो रही है। आगामी चुनाव ऐतिहासिक चुनाव है। देश की आजादी के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर के मतदाता तिरंगे के नीचे अपना वोट डालेंगे। अमित शाह ने कहा कि मैं राहुल गांधी से एक बात कहना चाहता हूं कि आप चाहे जितनी कोशिश कर लें, हम गुज्जर, बकरवाल, पहाड़ी और दलितों के आरक्षण को छूने नहीं देंगे। जब तक शांति नहीं होगी, पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं होगी। रैली में जम्मू कश्मीर के लोगों से बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि आने वाला चुनाव एक ऐतिहासिक चुनाव है। जब से देश आजाद हुआ। पहली बार जम्मू कश्मीर का मतदाता दो झंडे नहीं, एक तिरंगे के नीचे अपना मतदान करेगा। पहली बार, दो संविधान नहीं, भारत के संविधान (जिसको बाबा साहेब अंबेडकर ने बनाया) के अंतर्गत मतदान होने जा रहा है। पहली बार, पूरे जम्मू कश्मीर सूबे में प्रधानमंत्री नहीं बैठ सकता, प्रधानमंत्री एक ही होता है। जिसे कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक की जनता चुन कर भेजती है और वो हैं हमारे प्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। आगे कहा कि हमने घर-घर जाकर इनके (नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस) विभाजनकारी एजेंडे के प्रति लोगों को जागरूक किया है। मैंने एक प्रेस वार्ता कर नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस के विभाजनकारी एजेंडे को उजागर किया था। लेकिन आज मैं आप सब के सामने आया हूं, क्योंकि मैं मीडिया से ज्यादा भरोसा आप पर करता हूं। क्योंकि मैं भी आपकी जमात वाला हूं, मैं भी बूथ अध्यक्ष रहा हूं।



## सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर के बिना ही धरती पर लौटा बोइंग स्टारलाइनर

**वॉशिंगटन, 7 सितंबर (एजेंसी)।** अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अंतरिक्ष में ले जाने वाले बोइंग का स्टारलाइनर कैप्सूल धरती पर वापस लौट आया है। इसने शनिवार सुबह को न्यू मैक्सिको के वॉइट सैंड्स स्पेस हार्बर पर सुरक्षित लैंडिंग की। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने यह जानकारी दी है। हालांकि, यह अंतरिक्ष यान दोनों यात्रियों के बगैर धरती पर लौटा है। स्टारलाइनर के साथ जाने वाले सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अभी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर ही रहेंगे। स्पेसशिप में खतरे को देखते हुए नासा ने दोनों एस्ट्रोनॉट्स को स्टारलाइनर कैप्सूल से वापस न लाने का फैसला किया था। नासा ने बताया कि अमेरिकी समयानुसार शनिवार सुबह तड़के 12 बजकर 1 मिनट पर कैप्सूल ने आधिकारिक रूप से लैंडिंग की। योजना के अनुसार इसके तीनों बड़े पैराशूट खुले, जिसने लैंडिंग को आसान बना दिया।

# बिजनौर से पहुंची कायाकल्प टीम ने जाना अस्पताल का हाल

## कायाकल्प अवार्ड के लिए व्यवस्थाएं परखने पहुंची टीम

**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** जिला पुरुष चिकित्सालय में पहुंची बिजनौर की कायाकल्प अवार्ड की टीम ने वार्डों में घूमकर साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं को नजदीक से देखा। कायाकल्प टीम में शामिल सदस्यों ने जिला चिकित्सालय में इमरजेंसी का निरीक्षण करने के बाद सर्जिकल व आइसोलेशन वार्ड, ऑपरेशन थियटर, ब्लड बैंक और हृदय रोग विभाग में जाकर वहां की व्यवस्थाएं देखी। कायाकल्प टीम में डॉ. हितेन्द्र एवं डॉ. रोहित कुमार डीसीक्योए मैडिकल कॉलेज बिजनौर एवं रानू सिंह आईसीएन जिला महिला चिकित्सालय बिजनौर ने निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था बेहतर मिलने पर संतोष व्यक्त किया। इस दौरान प्रोटोकॉल के आधार पर जिला चिकित्सालय की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिली।

कायाकल्प अवार्ड योजना 2024-25 के अंतर्गत शनिवार को मुजफ्फरनगर के जिला पुरुष अस्पताल में निरीक्षण के लिए बिजनौर की टीम पहुंची। पियर असेसमेंट टीम ने जिला अस्पताल के वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, हार्ट सैंटर व ऑक्सीजन प्लांट के साथ बोटेनिकल गार्डन आदि का निरीक्षण करते हुए चिकित्सकों सहित वहां तैनात कर्मचारियों और अन्य कार्य को देखा। इस दौरान स्किन विभाग में तैनात चिकित्सक नहीं मिले। में तैनात चिकित्सक नहीं मिले, उक्त चिकित्सक लंबे समय से ओपीडी में नहीं बैठ रहे हैं। टीम के निरीक्षण के दौरान जहां अस्पताल में साफ-सफाई दुरुस्त रही, वहीं जिला अस्पताल का स्टाफ अपनी ड्रैस में दिखाई दिया। टीम के अधिकारियों ने जिला अस्पताल में सफाई की व्यवस्था बढ़ाने, ड्यूटी में नियमित ड्रैस कोड प्रयोग करने आदि के निर्देश दिए। कायाकल्प अवार्ड के लिए अस्पताल में पहुंची टीम के निरीक्षण के दौरान सीएमएस डॉ. राकेश कुमार, डॉ. योगेन्द्र त्रिखा वरिष्ठ चिकित्सक, मेट्रन अखिलेश त्यागी, सरिता देवी आईसीएन, मौ. हारुण रिकार्ड इंचार्ज, रसोई इंचार्ज राजीव गोयल, कायाकल्प नोडल अनिल कुमार फार्मास्टिक आदि मौजूद रहे।




# पर्युषण महापर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं

**पहला धर्मः उत्तम क्षमा**

क्षमा वीरो का धर्म है और वीरता एक चित की दशा है और यह एकाग्रता से ही उत्पन्न होती है। अगर दूसरे तरीके से यह बात कहनी हो तो यूँ समझें की जो हम देख रहे हैं या चल रहे है वह एक स्थूल शरीर है और क्षमा एक भाव है जो भाव शरीर (सूक्षम शरीर) में उत्पन्न होती है। स्थूल शरीर एक प्रकार का यंत्र है जो सिर्फ रियेक्ट करता है। वास्तविक क्षमा के लिए स्थूल शरीर का भाव शरीर के प्रति सजग होना नितांत आवश्यक है अन्यथा स्थूल शरीर या हम जिसको पुत्गल कहते है वह सिर्फ व्यावहारिक क्षमा ही रह जाती है। जब भाव में क्षमा उत्पन्न हो जाती है तो दस लक्षण धर्म का यह पहला लक्षण व्यक्ति के धार्मिक होने का माना जाता है।

यहां मैं अपना विचार प्रस्तुत करते हुए कहना चाहता हूँ की क्षमा से बड़ा कोई धर्म नहीं है पर मानव समाज के विध्वंशक को क्षमा करने से बड़ा कोई पाप नहीं है। जब क्षमा का भाव उत्पन्न होता है तो बाकि आठ धार्मिक चर्याएं जैसे मार्दव, आर्जव, सोच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य भी चुम्बकीय रूप में उसके पीछे चली आती है। दसवां धर्म ब्रह्चर्य है जिसको धारण करने की चर्या पर चर्चा दसवे दिन करूँगा और कल दूसरा धर्म मार्दव पर प्रकाश डालूंगा।



जय जिनेन्द्र!

डॉ. प्रदीप जैन लेखक चेयरमैन
Sanmati Institute Of Learning


# जिले में 10 निकायों से शासन ने काट ली 16.24 लाख ग्रांट

## जुलाई के सापेक्ष अगस्त में 5वें राज्य वित्त में कम धनराशि ▶ 2 पालिका से 11.13 लाख कटौती, 8 नगर पंचायतों से 3.56 लाख रुपये ग्रांट में हुए कम

**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** जिले की 10 निकायों में दी जाने वाली मासिक ग्रांट से इस बार शासन ने करीब 16.24 लाख रुपये की कटौती कर ली। ऐसे में नगरपालिकाओं से 11.13 लाख की कटौती हुई, वहीं जिले की 8 नगर पंचायतों को इस माह 3.56 लाख रुपये ग्रांट में कम मिले हैं। इस कटौती से निकायों के परफारमेंस के आधार पर इन निकायों को ग्रांट की धनराशि स्वीकृत की जाती है, परफारमेंस घटा तो ग्रांट में कटौती हो गई।

स्थानीय निकाय निदेशालय द्वारा यूपी के नगरीय निकायों को 5वें राज्य वित्त आयोग संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय व्ययक में व्यवस्थित सामान्य समनुदेशन से माह अगस्त 2024 के भुगतान की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसके लिए स्थानीय निकाय निदेशक अनुज कुमार झा ने सभी निकायों को आदेश जारी कर दिया है। इसमें जनपद की 10 निकायों से इस बार पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत पूर्व में मिलने वाली ग्रांट में कटौती की गई है। इन निकायों से इस बार 16 लाख से अधिक की कटौती हो चुकी है, जिसका सीधा प्रभाव निकायों पर पड़ने की संभावना है। जुलाई माह की बात करें तो जिले में 2 पालिका सहित सभी 10 निकायों में पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत सामान्य समनुदेशन में 15 करोड़ 40 लाख 03 हजार 516 रुपये की ग्रांट जारी की थी, जबकि अगस्त माह की ग्रांट में जिले की नगरीय निकायों को 15 करोड़ 23 लाख 78 हजार 926 रुपये की धनराशि जारी की गई है। ऐसे में इस माह निकायों से 16 लाख 24 हजार 590 रुपये ग्रांट में कम मिले हैं। नगरपालिका परिषद् मुजफ्फरनगर की बात करें तो जुलाई माह में इस निकाय को पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत 10 करोड़ 63 लाख 33 हजार 950 रुपये की ग्रांट मिली थी। अगस्त माह में इस निकाय को 10 करोड़ 52 लाख 20 हजार 880 रुपये दिये गये हैं। नगरपालिका को मिली ग्रांट में शासन ने 11 लाख 13 हजार 70 रुपये की कटौती की। इसी प्रकार खतौली नगर पालिका को जुलाई माह में एक करोड़ 47 लाख 95 हजार 44 रुपये मिले थे, जबकि अगस्त माह में एक करोड़ 46 लाख 39 हजार 714 रुपये ग्रांट में मिले हैं। खतौली पालिका से एक लाख 55 हजार 330 रुपये की कटौती की गई है। इसी प्रकार आठ नगर पंचायतों से भी अगस्त माह की ग्रांट में जुलाई माह में मिली धनराशि के मुकाबले 3 लाख 56 हजार 220 रुपये की कटौती की है। जुलाई माह में इन नगर पंचायतों को 03 करोड़ 28 लाख 74 हजार 522 रुपये मिले थे। जबकि अगस्त माह की ग्रांट में 03 करोड़ 25 लाख 18 हजार 332 रुपये प्राप्त हुए हैं। बता दें कि पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली ग्रांट से नगरीय निकायों के अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन आदि का भुगतान किया जाता है। इससे धनराशि बचने पर ही विकास कार्यों पर खर्च की जाती है। निकायों में 16.24 लाख रुपये की कटौती से उनके अधिष्ठान खर्च को लेकर दिक्कत होने की संभावना है।


।। श्री सुदर्शन गुरुवे नमः ।। ।। श्री महावीराय नमः ।। ।। श्री नरेश गुरुवे नमः ।।

श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन समाज के महान आध्यात्मिक

# संवत्सरी महापर्व

पर क्षमा याचना करते हैं।



मिच्छामि दुक्कड़म

खामेमि सव्वे जीवा, सव्वे जीवा खामंतु मे।
मितिं मे सव्व भूएसु, वैरं मज्झं ण केणइ।।

मैं सभी जीवों को क्षमा करता हूँ, सभी जीव मुझे क्षमा करें।
मेरा सभी जीवों से मैत्री भाव है, किसी से कोई वैर नहीं।।



आज दिनांक 8 सितम्बर, दिन-रविवार हमारे महान आध्यात्मिक संवत्सरी महापर्व पर हमारे परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा मन-वचन-काया से यदि किसी को जाने-अनजाने में कोई कष्ट हुआ हो तो, हृदय से क्षमा याचना करते हैं।

मनमोहन जैन
-: नमनकर्ता:-

मनमोहन जैन | राजीव जैन | राजेश जैन

- राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ऑल इंडिया जैन कॉन्फ्रेंस, नई दिल्ली
- कार्यकारी अध्यक्ष भारतीय जैन मिलन
- संरक्षक एस.एस. जैन सभा, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
- टी.एम.आर. पोलिटयूब (गणपति मोनिका पाईप) हरिद्वार
- मोहन ट्यूबवैल स्टोर, कचहरी रोड, मुजफ्फरनगर।

M. 9837067082, 9897097911


## चेयरमैन पति को जान से मारने की धमकी, दहशत

**मीरापुर।** गांव रूमालपुरी निवासी अरविंद कुमार ने बताया कि शनिवार की दोपहर पाकिस्तानी नंबर से व्हाट्सअप पर एक कॉल आई तथा कॉल कर्ता ने गाली-गलौंच करते हुए जान से मारने व बच्चों को उठाकर ले जाने की धमकी दी है, जिससे पूरा परिवार दहशत में है। बता दें कि अरविंद कुमार की पत्नी सीमा सिकरेड़ा स्थित बहुउद्देश्य प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बी पैक्स की चेयरमैन है। चेयरमैन पति को धमकी मिलने की सूचना के बाद परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है, नंबर की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# बागपत व मुजफ्फरनगर में चीनी मिलों का आधुनिकीकरण होगा

**लखनऊ, 7 सितंबर (एजेंसी)।** गन्ना किसानों को बेहतर सेवाएं देने के लिए योगी सरकार ने चीनी मिलों की स्थापना और आधुनिकीकरण पर विशेष जोर दिया है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार की बागपत और मुजफ्फरनगर में चीनी मिलों के आधुनिकीकरण की योजना है। इसमें इन मिलों की कार्यक्षमता में सुधार के साथ ही तकनीकी अपग्रेडेशन शामिल है। हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में इस पर विचार किया गया। इसमें किसान सहकारी चीनी मिल बागपत की कार्यक्षमता में सुधार के लिए मार्जिनल विस्तार (2500 टीसीडी से 3000 टीसीडी क्रशिंग क्षमता), तकनीकी अपग्रेडेशन एवं आधुनिकीकरण कार्य से संबंधित प्रस्ताव के लिए 84.77 करोड़ की लागत का अनुमान जताया गया है। इसमें 50 प्रतिशत राज्य सरकार से अंश पूंजी के रूप में तो 50 प्रतिशत ऋण के रूप में लिए जाने की वित्तीय व्यवस्था की जाएगी। 2024-25 के शासकीय बजट में 65 करोड़ के अनुदान के तहत निवेश/ऋण का प्रावधान है। मिल के आधुनिकीकरण की आवश्यकता के बारे में बताया गया कि मिल के कमांड एरिया में गन्ने की प्रचुर उपलब्धता है। साथ ही मिल द्वारा लगभग 4.82 लाख टन गन्ने की पेराई की जा रही है। अगले 5 वर्षों में कारखाने के कमांड एरिया से प्लांट को लगभग 5.01 लाख टन गन्ना पेराई के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।



# शामली में कार सवार का दिनदहाड़े अपहरण कर कार भी लूटी

**शामली, 7 सितंबर (बु.)।** शनिवार को दोपहर कार सवार बदमाशों ने गंगोह मार्ग पर पेट्रोल पंप के निकट एक स्कॉर्पियो कार सवार को तमंचे के बल पर आतंकित करते हुए उसका अपहरण कर लिया। बदमाशों ने तमंचों के बल पर कार सवार को आतंकित किया और कार अपने कब्जे में लेने के बाद उसे कार में डालकर फरार हो गए। अपहरण का यह पूरा मामला पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गया है। सूचना के बाद पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस आरोपी और पीड़ित का पता लगाने में जुटी है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि चौसाना में गंगोह मार्ग पर शनिवार दोपहर करीब एक बजे पेट्रोल पंप के पास कार सवारों ने एक स्कार्पियों को पेट्रोल पंप के सामने ओवरटेक कर रुकवा लिया। इसके बाद कुछ नकाबपोश खेत की ओर से आए तथा कुछ दूसरी कार से उतरे और चालक को तमंचे के बल पर अपने साथ ले जाने लगे। वहां मौजूद कुछ लोग इस मामले को देखते रहे और पहले तो उन्होंने समा कि कुछ आपस की बात होगी। लेकिन बाद जब उक्त बदमाश जब कार सवार को ले जाने लगे तो लोगों ने शोर मचाया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि काफी देर तक कार सवार ने भी बदमाशों का विरोध भी किया मगर वह नहीं माने और अपनी कार में डालकर चालक को ले गए। पीड़ित की कार को भी बदमाशों ने लूट लिया। मामला सीसीटीवी में कैद हो गया। जिसमें बदमाश अपहरण करते दिखाई दे रहे हैं। मामले की जानकारी मिलने पर हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची। बदमाश और पीड़ितों का पता लगाने का प्रयास किया मगर सफलता हाथ नहीं लग सकी। पुलिस का कहना है कि पीड़ित के परिजन सामने नहीं आए है। पीड़ित और आरोपी कौन थे, इसका पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही आरोपी गिरफ्त में होंगे।

## साइबर सेल ने कराये 29 हजार रुपये वापस

**मुजफ्फरनगर, 07 सितम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मीनाक्षी चौक के निवासी अमन के साइबर सेल ने 29 हजार रुपये वापस कराये। आपको बता दें कि मीनाक्षी चौक पर रहने वाले अमन के एक अज्ञात व्यक्ति ने बैंक अधिकारी बनकर उसके खाते से 29 हजार रुपये निकाल लिये थे, जिसकी शिकायत अमन ने शहर कोतवाली पहुंचकर दर्ज कराई थी। उक्त मामले में साइबर सेल ने कार्यवाही करते हुए पीड़ित अमन को उसकी पूरी धनराशि उसी के बैंक खाते में वापस लौटाने में कामयाबी हासिल की।